दिनांकः 19.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- आम चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान शुरू–प्रदेश में 12 लोकसभा क्षेत्रों के लिए डाले जा रहे हैं वोट।
- ढाई करोड़ से अधिक मतदाता प्रदेश में पहले चरण में करेंगे 114 उम्मीदवारों के सियासी भविष्य का फैसला।
- दूसरे चरण के लिए प्रचार पूरी रफ्तार से जारी–स्टार प्रचारक और नेता कर रहे हैं मतदाताओं का समर्थन जुटाने के प्रयास।
- राज्य में कुछ स्थानों पर तेज़ हवाओं के साथ हल्की बारिश–आज जयपुर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर में बरसात की संभावना।

----------

18वीं लोकसभा के लिए पहले चरण का मतदान शुरू हो गया है। देश के 21 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर आज वोट डाले जा रहे हैं। प्रदेश में 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान हो रहा है। सुबह सात बजे से शुरू हुआ वोट डालने का सिलसिला शाम छह बजे तक जारी रहेगा। कुल 25 लोकसभा सीटों में से आज 12 सीटों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चुरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली–धौलपुर, दौसा और नागौर सीटों के लिए मतदान हो रहा है। लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाने के लिए आमजन में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मतदाताओं की कतारों के साथ पोलिंग बूथों पर त्योहारी रौनक नजर आ रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में वोट डाला। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने गांधी नगर स्थित मतदान केन्द्र पर मत का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की। मुख्य सचिव सुधांश पंत और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने जयपुर में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रत्याशी सहित अन्य उम्मीदवार भी उंगली पर निशान राष्ट्र के नाम लगाकर खुशी जाहिर कर रहे हैं।

पहली बार वोट डालने वाले युवाओं का जोश देखते ही बन रहा है। जयपुर के एक मतदाता ने अपना अनुभव हमारे साथ कुछ यूं साझा किया।

----------

ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाताओं में उत्साह बना हुआ है। भरतपुर में महिलाएं पारम्परिक वेशभूषा में मंगल गीत गाती हुई पोलिंग बूथ पहुंच रही हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि लोग मतदान कर सेल्फी प्वाइंट्स पर अपनी तस्वीरें लेकर इस पल को यादगार बना रहे हैं।

----------

करौली में भी रंग बिरंगे परिधानों में सजे मतदाताओं की शोभा अलग ही नजर आ रही है। हनुमानगढ़, नागौर और सीकर सहित अन्य स्थानों पर भी वोटर्स की कतारें लगी हुई हैं और मतदान शांतिपूर्ण हो रहा है। श्रीगंगानगर में कई मतदान केन्द्रों पर तिलक लगाकर तो कहीं फूल देकर वोटर्स का स्वागत किया जा रहा है। उधर, धौलपुर के बसेड़ी में नवविवाहिता ने विदाई से पहले मतदान किया। दौसा से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

----------

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले चरण में 2 करोड़ 54 लाख 9 हजार 610 पंजीकृत मतदाता हैं। इनके लिए 24 हजार 370 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। इनमें 5 हजार 729 शहरी और 17 हजार 922 ग्रामीण सहित 719 सहायक मतदान केन्द्र शामिल हैं।

----------

पहले चरण के लिए 114 उम्मीदवारों के सियासी भविष्य का फैसला होगा। इनमें 102 पुरूष और 12 महिला प्रत्याशी हैं। 49 निर्दलीय उम्मीदवार भी अपनी किस्मत आज़मा रहे हैं। जयपुर ग्रामीण में सबसे ज्यादा 15 और करौली–धौलपुर क्षेत्र में सबसे कम चार उम्मीदवार मैदान में हैं। पहले चरण में केन्द्रीय मंत्रियों, सांसदों सहित कई दिग्गज नेताओं की साख दांव पर है। मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए 1 लाख 10 हजार से अधिक कर्मियों को लगाया गया है। मतदान केन्द्रों पर रैम्प, व्हील चेयर, पीने का पानी और छाया सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित की गयी हैं। वहीं सुरक्षा के भी व्यापक बंदोबस्त किये गये हैं। राजस्थान पुलिस, होम गार्ड, आरएसी और सीएपीएफ के 76 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। मतदान प्रतिशत बढाने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से कई नवाचार भी किये गये हैं।

पहले पहुंचने वाले मतदाताओं से मतदान केन्द्र पर पौधरोपण करवाया जा रहा है। सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर सेल्फी पोस्ट करने पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही कई अन्य श्रेणियों में भी मतदाताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

मतदान दिवस पर आज सार्वजनिक अवकाश रखा गया है। मनरेगा श्रमिकों और सार्वजनिक तथा निजी प्रतिष्ठानों और फल सब्जी मंडी के कामगारों के लिए सवैतनिक अवकाश रहेगा। इसके साथ ही कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों और दुकानदारों ने मतदान करने वालों के लिए आकर्षक छूट और ऑफर्स देने की घोषणा की है।

मतदाता फोटो पहचान पत्र नहीं होने की स्थिति में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड सहित बारह वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर भी वोट डाला जा सकता है।

----------

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान दिवस पर आज मतदाताओं को प्रोत्साहित करने और मतदान की ताज़ा जानकारी श्रोताओं तक पहुंचाने के लिए आकाशवाणी जयपुर से विशेष कार्यक्रम और बुलेटिन प्रसारित किये जाएंगे। विशेष लाइव फोन इन कार्यक्रम **''ये चुनाव समय है''** सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रसारित होगा। ये कार्यक्रम आकाशवाणी के बीकानेर, चूरू, अलवर, सूरतगढ, नागौर और विविध भारती चैनल जयपुर से रिले किया जाएगा। हमारे विशेष बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजे हिन्दी में और शाम पांच बजे राजस्थानी में प्रसारित होंगे। इनकी अवधि पांच–पांच मिनट की होगी। राजस्थान स्थित आकाशवाणी के सभी प्राइमरी चैनल और स्थानीय केन्द्र आकाशवाणी जयपुर से प्रसारित दोनों विशेष समाचार बुलेटिन को रिले करेंगे।

----------

आम चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश के 13 संसदीय क्षेत्रों में विभिन्न राजनैतिक दलों की ओर से प्रचार अभियान जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह पाली और उदयपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज बालोतरा में जनसभा करेंगे। वहीं पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के स्टार प्रचारक सचिन पायलट आज टोंक–सवाईमाधोपुर सीट से उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा करेंगे।

निर्वाचन विभाग की ओर से चलाये जा रहे सतरंगी सप्ताह के तहत दूसरे चरण के मतदाताओं को विभिन्न गतिविधियों के जरिये प्रेरित किया जा रहा है।

----------

मानव अंगों का नियम विरुद्ध प्रत्यारोपण करने और इसके लिए फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में राज्य के मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण समुचित प्राधिकारी की ओर से जयपुर में एफआईआर दर्ज करवाई गयी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने इस प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए प्रभावी जांच के लिए ये संज्ञान लिया है। गौरतलब है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने प्रकरण में शामिल एसएमएस और निजी अस्पतालों के कार्मिकों को गिरफ्तार किया है।

----------

राज्य में बीते 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। राजधानी जपयुर में देर शाम तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी दर्ज की गयी। भरतपुर में भी कल शाम धूलभरी तेज आंधी चलने के समाचार हैं। जैसलमेर में रिमझिम फुहारों से मौसम सुहाना बना हुआ है। वहीं सबसे अधिक 42 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान कोटा में दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार आज जयपुर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बारिश के आसार हैं।

----------